गरीबों के अधिकार

एक पुस्तिका
उत्तराखण्डी संस्थाओं के लिए

न० 1 जून 2015

EMMANUEL HOSPITAL ASSOCIATION
CHGN Uttarakhand Cluster

ProjectBurans
working with communities for mental health in Uttarakhand

अधिकार सम्बन्धी सफलता की सच्ची घटनाएं

करीन को विधवा पेंशन मिलना

करीन उतर प्रदेश से दिल्ली नयी शादी हो के आई। उसका पूरा परिवार दिल्ली के पूर्व में अपने पति और 4 बच्चों के साथ अस्थायी झुग्गी जो अवैध तौर से बनायी गयी झुगियों समूह में रहतें थे । 2007 में करीन की 11 महीन की बच्ची की मृत्यु दस्त के कारण से हुयी । कुछ महीनों के बाद उसके पति की भी मृत्यु हो गयी । इस बार शायद टीबी के वजह से हुई। करीन अपने 3 बच्चों के साथ , बिना आमदनी के साथ, एक छोटी सी झुग्गी में रहने लगी और उनकी हालात बहुत बुरे थे।
दिल्ली सरकार ने विधवाओं के लिए 1000 रू की पेंशन रखी है पर वो करीन को नहीं मिल रही थी। कुछ साघारण जानकारियों से पता चला की समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन मिलती है। (कृपया पृष्ठ 11 इस पुस्तिका का देखें) । प्रशासन ने कहा की करीन इस पेंशन के योग्य नहीं हैं क्योकि उसके पास खाता नहीं हैं । करीन के पास कभी बैंक खाता नहीं था, तो हम पास के बैंक गए उसका खाता खुलाने । बैंक मेनेजर ने खाता खोलने से मना कर दिया और कहा की पहचान दस्तावेज़ की ज़रूरत होती है (कृपया पृष्ठ 41 इस पुस्तिका का देखें)। करीन के पास ऐसा कोई पहचान पत्र नहीं था तो हमारा अगला पड़ाव चुनाव विभाग था हमने विभाग से करीन के लिए चुनाव वोटर कार्ड पूछा । काफी दिनों के बाद वह उसकी झुग्गी आये। उन्होनें सर हिलाते हुए कहा माफ़ करिए यह झुग्गी में रहती हैं , हम इन्हें वोटर कार्ड नहीं दे सकते। हमनं विरोघ किया और बताया की यह कानून है हर भारतीय नागरिक का एक पहचान पत्र होना अधिकार है चाहे वो झुग्गी में रहे या राजमहल में रहे (कृपया पृष्ठ 37 इस पुस्तिका का देखें) । थोड़ी देर के बाद उन्होंनें सर हिलाया और हाथ खुजलाते हुए मान गए ।
एक हफ्ते के बाद, हम पहचान पत्र के साथ फिर बैंक गए, शुक्र है उन्होंने बैंक खाता खोल दिया। हम फिर दुबारा समाज कल्याण विभाग गए, इस भरोसे की हमें सफलता मिलेगी, परन्तु हम फिर असफल हुए । बैंक खाता हो या न हो, एक सरकारी दस्तावेज होना चाहिए जिससे यह साबित हो की वो दिल्ली में 5 साल से रह रही है । हताश होकर प्रार्थना पत्र समाज कल्याण विभाग मुख्य अधिकारी को लिखा (कृपया पृष्ठ 11 इस पुस्तिका का देखें),जिन्होंने आखिर कार हमारे निवेदन को मान लिया । ६ महीने की सरकारी उथल पुथल के बाद, करीन को आखिर में पेंशन मिलने लगी, और ५ महिने का भुगतान भी मिला, अब उसके पास ५००० रू बैंक खातें में हैं।

महिलाओं को MGNREGA रोज़गार मिलता हैं

जागीर गांव, बिजनौर क्षेत्र, उतर प्रदेश की महिलाओं को पता नहीं था की वो *MGNREGA* योजना के लागू रोज़गार के योजना के योग्य है या नहीं (कृपया पृष्ठ 10इस पुस्तिका का देखें), उनके पतियों के पास रोज़गार कार्ड होता है पर वो रोज़गार की तलाश में बाहर जातें है। शेयर प्रोजेक्ट के कर्मचारी ने सूचित किया की वास्तव मे महिलाएं भी इस योजना की हकदार है। यह जानकर महिलाएं ग्राम प्रधान के पास काम मांगने गयी। अतः उन्हें *MGNREGA* योजना के अंर्तगत सड़क निर्माण में रोज़गार मिला।

गुड्डन के लिए गैस कनेक्शन की मुहीम

गुडडन करीब 2 साल से पक्का गैस कनेक्शन लेने की कोशिश में लगा हुआ था। गैस कार्यालय के कर्मचारी हर बार कोई न कोई बहाना बोल के उससे कनेक्शन देने से मना कर देते थे। फिर गुडडन ने अधिकार सहित बैठक में भाग लेने के बाद सिखा की कैसे गैस कनेक्शन लेना उसका अधिकार है (कृपया पृष्ठ 26 इस पुस्तिका का देखें) और यह भी सीखा की किस तरह से आगे बढ़ाना है सूचना के अधिकार द्वारा। इस सीख के साथ वो दुबारा गैस कनेक्शन के ऑफिस गयी । उन्होंने फिर उसे मना कर दिया पर इस बार गुडडन ने उन्हें धमकाया की वो बड़ें अफसर जो लखनऊ में है शिकायत करेगी बस इतना बोलना उन सब के लिए काफी था कर्मचारी उसकी हिम्मत को देख कर सक्पक्का गए और वो तुरंत काम पे लग गए। और फिर गुडडन को कनेक्शन 1 हफ्ते मिल गया।

इस दस्तावेज़ के बारे में

उत्तराखण्ड में रहने वाले लोगों के लिए सरकार ने बहुत सारी सुविधाएं दी हैं जो आश्चर्यजनक है। उनमें से बहुत सारी सुविधाएं गांवो और शहरों की मलिन बस्तियों के निवासियों के लिए अधिकार के रूप में उपलब्ध होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से सरकारी कर्मचारियों में पाऐ जाने वाले भ्रष्टाचार या उनके आलसपन के कारण या स्वयं निवासियों में जागरूकता या उनमें विश्वास की कमी के कारण मलिन बस्तियों के ज़्यादातर निवासी इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

अक्सर जब सरकारी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं तो हम खुद सुविधाएं देते हैं जैसे स्कूल, क्लिनिक आदि । उन सुविधाओं के लिए लोग हमें पसंद करते हैं लेकिन हम सुविधाएं हमेशा तक नहीं चला सकता हैं। कभी न कभी हमें लोगों की मदद करनी होगी ताकि उन्हें सरकारी सुविधाएं मिल सके।
इस दस्तावेज़ की जानकारियाँ एक हिस्सा ही है उस बड़ी योजना का जिस से दिल्ली बस्ती के निवासी जागरुक्त और सशक्त बन सकें । सशक्तिकरण के लिए गरीबों को ना सिर्फ़ उपलब्ध सुविधाएँ का **जानकारी** होने चाहिए (पृष्ठ 6-42)। उसके अलावा अचछी आवेदन और RTI लिखने के **कुशलता** होने चाहिए (अतिरिक्त 3 पृष्ठ 46– 5 पृष्ठ 49) और सब से ज़रूरी है कि उनके **दिल** का बदलाव हो ताकि वे एक दूसरे की मदद करें। अतिरिक्त 1 पृष्ठ 43 में कुल दस कदम दिए गए है जिसे निवासी ज्ञानी कशल और दिल से सशक्त हो सकते हैं।

ये दस्तावेज़ इस उद्देश्य को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है कि उनके कार्य को आसान बनाया जा सके जो उत्तराखण्ड के गरीब लोगों के बीच सेवाओ को उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहे हैं। पृष्ठ 4,5 पर तालिका में दी गई हर एक सेवां की सूची के लिए हमने सामान्य आकार दिया है;
क. सम्बंधित **सरकार के विभाग** जो ये सेवा प्रदान करते हैं (उसके वेबसाइट होमपेज के साथ)। कुछ विभागों की वेबसाइट यहाँ देख सकतें हैं

ख. उस विभाग की नीति के अनुसार निवासियों के **अधिकार**; अधिकांश अधिकार केन्द्र सरकार के नागरिक वेबसाइट पर यहाँ देखे जा सकते हैं उत्तराखण्ड स्थित जनसम्पर्क विभाग में यहाँ देखें। अतिरिक्त 2 पृष्ठ 45 में सेवाएँ और गरीबी रेखा से नीचे रहनेवाले लोगों के लिए सेवाए सरांश में दी गई हैं।

ग. आवेदन प्रकिया योग्यतनुसार आवेदन करने हेतु; आवेदन की बहुत सारी प्रकियाएं यहां और यहाँ और कुछ आवेदन पत्र पृष्ठ 53 से मिल सकती हैं। अच्छा आवेदन लिखने पर टिप्पणी और एक नमूना अतिरिक्त 3 पृष्ठ 46 में दिया गया है जिसे से आपको सहायता मिलेगी। आवेदन की सफलता की आशा एवं उसमें लगने वाले समय के बारे में भी हमने इसमे बताया है। हम सब जानतें हैं कि शुरु में अकसर हमारी आवेदन को सफलता नहीं मिलती क्योंकि जिस अफ़सर के पास हम अपना अवेदन पत्र जमा कराते है वो :

- छुटटी पर हो या चुनाव कार्य में लगा होता है।
- बोले कि आप गलत कार्यालय में आ गए हैं और दूसरी जगह जाने को बोलें।
- बोले कि उसका कोई अधिकार नहीं है आपके दिए गए आवेदन पर और जो अधिकारी कुछ कर सकते थे वो छुटटी पर है या बिमार है।
- बोले कि उसके पास इस साल के लिए बजट नहीं है या दफ़्तर में कर्मचारी नहीं है इसलिए काम नहीं हो पाएगा।
- कुछ चाय पानी मिल जाता तो (यानी घूस मांगना)। पृष्ठ 48 में विस्तार से सुझाव दिए गए है जिस से भ्रष्टाचार से निपटा जा सकता है।

घ. सहायता सुझाव, अगर आवेदन में सफलता न मिले। उन सलाह में शामिल हैं:

- स्वयं सरकार द्वारा **दिल्ली नागरिक चार्टर** में दिए गए सुझावः या
- **केन्द्र सरकार** के स्वयं के **शिकायत आयोग** के द्वारा शिकायत दायर करना http://pgportal.gov.in/
- **उत्तराखण्ड सरकार** के स्वयं के **शिकायत आयोग** के द्वारा शिकायत दायर करना http://samadhan.uk.gov.in/
- उस विभाग में **सूचना के अधिकार अधिनियम** के अन्तर्गत आवेदन दायर करना जहां आपने आवेदन किया है। प्रभावशाली सूचना का अधिकार के प्रयोग पर टिप्पणी और आरटीआइ का नमूना अतिरिक्त 5 पृष्ठ 49 में दिया गया है जिसे से आपको सहायता मिलेगीः या
- वकील जो शायद मदद कर सकता है Justice Ventures International.011-4050170 delhi@justiceventures.org
- मैडिया को संपार्क करना। मैडिया के प्रयोग पर टिप्पणी अतिरिक्त 6 पृष्ठ 51में दिया गया ह

ङ. सफलता की कहानी दिखाती है कि क्या उत्तराखण्ड की परिस्थितियों में सचमुच में ये आवेदन/सहायता कार्य करती है।

अगर आप इस पुस्तिका को अपने सहायता के कार्य में उपयोगी समझते हैं और जैसा कि हम आशा भी करते हैं, तो कृपया इसे अन्य सही स्वयं– सेवी संस्थाओं/व्यक्तियों को जो उत्तराखण्ड के गरीबों के लिए काम कर रहें हैं, के साथ भी **बांटे**। जानबूझ कर इसे कॉपी राइट के अन्तर्गत नही रखा गया है। अगर आप इसकी लिखित प्रति पढ़ रहे हैं, तो आप हिन्दी और अंग्रेज़ी में इसकी कमप्यूटर–कॉपी इ.एच.ए. के वेबसाइट www.eha-health.org से (See 'Advocacy Manuals') पर क्लिक कर के निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि आने वाले महीनों के दौरान हम अन्य भारतीय प्रदेशों के लिए उनकी भाषा में अनुवाद करेंगे। दिल्ली, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छततीगढ़, बिहार, हरियाणा, पश्चिम बँगाल और मनिपुर तो हो चुका । वे दस्तावेज़ भी EHA के वेबसाइट पर है। हम वर्कशोप लेने को तैयार है जिस से गरीब समुदाय सशक्त बन सकें। ।

अन्त में हम ये कहना चाहेंगे कि योग्यता और शिकायत प्रक्रिया में अक्सर परिवर्तन होते रहते हैं, अतः अगर आप इस पुस्तिका में कोई गलती/भूल पाते हैं तो और अगर इस में शामिल करने के लिए आपके पास कोई सुझाव है तो कृपया हमें जानकारी दें और हम इसे इसमें शामिल करेंगे।
आपकी सहायता के लिए, शुभ कामनाओं के साथ ।

मार्क डिलानी
Emmanuel Hospital Association
mark@eha-health.org

पहला क़दम – अपनी बस्ती के सरकारी दफ्तरों को जानें

आरम्भ में यह जानना आपके लिए लाभदायक होगा कि उत्तराखण्ड के विभिन्न स्तर के सरकारी के संरचना में आपका गांव कहां आता है। अगर अपने क्षेत्र की सूचनाएं आपको मिल जाती हैं तो नीचे दिए गए टेबल में उसे लिखें। **इ.एच.ए के छतरपुर सी.एच.डी** की सूचनाएं केवल उदाहरण के लिए के लिए दी गई हैं। उन उदाहरणों को मिटा दें और उसकी जगह अपने गांव की सूचना को लिखें।

- उत्तराखण्ड 5 लोक सभा क्षेत्र में विभाजित हैं। हर क्षेत्र का एक अपना चुना हुआ लोकसभा सदस्य जो लगभग 10 लाख लोग अपने मतदाताओं के लिए जिम्मेदार है। आपके लोकसभा सदस्य सीखने के लिए यहाँ या यहाँ (भारत के मानचित्र के लिए नीछे देखें) और अपना प्रदेश पर फ़िर अपने लोकसभा क्षेत्र पर क्लिक करें । लोकसभा सदस्य के जानकारी के लिए (मोबाइल नम्बर आदि) उसके नाम पर क्लिक करें ।
- उत्तराखण्ड **राज्य सरकार 70** विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित है। हर एक विधान सभा क्षेत्र से एक विधायक विधान सभा के लिए चुना जाता है जो अपने लगभग 1.4 लाख मतदाताओं के लिए जिम्मेदार होता है। विधान सभा के सदस्य सीखने के लिए यहाँ या यहाँ क्लिक करें (भारत के मानचित्र के लिए नीछे देखें) और अपने प्रदेश पर फ़िर अपने लोकसभा क्षेत्र पर क्लिक करें । विधान सभा के सदस्य की सूची के लिए नीचे दायें देखने। अपने विधान सभा क्षेत्र के नाम पर क्लिक करें अपने विधान सभा सदस्य से जुड़ी जानकारियों को जानने के लिए।
- उत्तराखण्ड की स्थानीय सरकार ग्राम पंचायतों में विभाजित है। एक ग्राम पंचायत में औसतन 5,000 लोगों के घर होते हैं। हर एक ग्राम पंचायत का एक चुना हुआ प्रधान होता है। हर एक पंचायत में औसतन 2 गांव होते हैं। सब ग्राम पंचायतों के जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें ।
- प्रशासकीस उद्देश्य से, उत्तराखण्ड 2 मण्डल में विभाजित है जो एक डिविजनल कमिशनर के तहत है। मानचित्र और प्रत्येक डिवीजन की सूची के लिए यहाँ क्लिक करें।
- फिर प्रत्येक डिवीजन कई जिलों में विभाजित होती है। उत्तराखण्ड में कुल 13 जिले हैं। मानचित्र, मुख्यालय कुल 13 जिलों की जनसंख्या को जानने हेतु यहाँ क्लि करें (नीचे की ओर स्क्रॉल करें)। प्रत्येक जिला का मुखिया जिला कलक्टर होता है। जिला कलक्टरों की सूची और उन से जुड़ी जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।
- फिर प्रत्येक जिला कई तालुक/तहसील या सब–जिले में विभाजित होता है। हर एक तहसील/तालुक एक सबडिवीजनल मैजिस्ट्रट के अधीन होता है।
- प्रत्येक जिला फिर कई प्रखण्ड विकास या शहरी क्षेत्र में विभाजित होता है। तहसील, प्रखण्ड विकास और शहरी क्षेत्र के नाम जानने के लिए *www.districts.nic.in* इंटरनेट पर चलो।
- अन्य अधिकारियों जैसे मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी आदि की जानकारी हेतु वेबसाइट इस पुस्तिका के उपयुक्त पृष्ठ पर दी गई है। जब आप ये जानकारी प्राप्त कर लेते हैं तो वह जानकारी इस टेबल में डालें।

सेवा	पुस्तिका पृष्ठ सं.	ज़ोन/क्षेत्र का नाम	नाम/पता/फ़ोन न0.
राजनीतिक विभाजन			
राष्ट्रीय लोक सभा (चुनाव क्षेत्र)	3	पैड़ी गढ़वाल	श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी / पैलेस पीओ नरेन्द्र नगर, जिला टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड – 249175. भगवान दास रोड, फोन - 01378 227231, 227235
विधान सभा क्षेत्र	3,37	देहरादून कैंट	श्री हरबंस कपूर / विधान भवन, देहरादून / फोन – 01378 2665885/ फैकस – 01378 2666788
स्थानीय प्रशासन (पंचायत)	29	आसनसोल सालानपूर देनूअ	नेओति मंडल
प्रशासनिक डिवीजन			
डिवीजन	3		
जिला मैजिस्ट्रेट	39,40	देहरादून	बीवीआसी पुरुषोत्तम / जिला मैजिस्ट्रेट, कलेक्ट्रेट, देहरादून / फोन 0135- 2622389
सब–जिला (एस.डी.एम)	39,40	मसूरीए देहरादून	0135- 2632503
विकास प्रखण्ड (ब्लॉक)	6	चकराता , देहरादून	0135- 2724903
इस पुस्तिका में खास सेवाए			
मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी	16–18	देहरादून	0135-2724506, 2658104
निकटतम जिला अस्पताल	16	जिला चिकित्सालय , उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड	01374 222 103
निकटतम सा. स्वा.केंद	16–18	देहरादून	35, शास्त्री नगर, हरिदवार रोड, देहरादून जीपीओ, देहरादून / फोन 9719965766
निकटतम सा. प्रा.स्वा.केंद्र	16–18	देहरादून	आथर्वाला, भानियवाला, ऋषिकेश, देहरादून / फोन 0135- 2411036
गेस	26	देहरादून	वेली गैस सर्विस, 52/4 दिलाराम बाजार राजपुर रोड, देहरादून / फोन – 01352741458
स्थानीय पुलिस थाना	35	कोटवाली कैंट पुलिस स्टेशन	कोटवाली कैंट पुलिस स्टेशन / फोन – 135- 2716221, 9411112812

विषयों की सूचि (सीधे पृष्ठ पर जाने के लिए क्लिक करें

क. पीने का पानी....6

ख. खाद्य 7

1खाद्य – (राशन कार्ड)....7

2खाद्य – (ऑगनवाड़ी) 8

3खाद्य – (स्कूली बच्चे–मध्यान्तर भोजन परियोजना (एम एम एस)....9

ग. आय....10

1आय – (नरेगा)....10

2आय – (पेंशन और सामाजिक सुरक्षा)....11

3आय – (बच्ची के लिए 1 लाख) 13

4आय – रोज़गार के लिए प्रशिण....14

5आय – ड्राइविंग लाइसेंस....15

घ. स्वास्थ्य....16

1स्वास्थ्य – (सरकारी अस्पताल) 16

2स्वास्थ्य – (टीकाकरण) 17

3स्वास्थ्य – (गर्भधारण–जे.एस.वाई/आशा)....18

4स्वास्थ्य – (विकलांगता सेवाएं)....19

5स्वास्थ्य – (नशा पुनर्वास)....20

6स्वास्थ्य –एच आई वी – एडज़....21

ड. विद्यालय....22

1शिक्षा – स्रकारी स्कूल....22

2शिक्षा – छात्रवृत्ति और लाभ....23

3शिक्षा –राष्ट्रीय मुक्त विधलयी शिक्षा संस्थान....24

च. उपयोगिताएं....25

1 उपयोगिताएं – (बिजली)....25

2उपयोगिताएं – (गैस) 26

छ. सफ़ाइ....27

1सफ़ाई – (शौचालय)....27

2सफ़ाई – (नाली करंजा) 28

ज. आवास 29

1आवास– (इंदिरा आवास योजना) 29

2आवास – (भूमिहीनों के लिए भूमि) 30

झ. कृषि....31

1कृषि (सिंचाई) 31

2कृषि – (कृषि बीमा) 32

3कृषि – (आर्थिक सहायता) 33

ञ. सड़कें 34

ट. मानवाधिकार....35

1मानवाधिकार . घरेलू हिंसा....35

2मानवीय अधिकारः बाल मज़दूर और वेश्यावृति/अवैद्य व्यापार....36

ठ. पहचान के दस्तावेज़.....37
1पहचान के दस्तावेज–(मतदाता फोटो पहचान पत्र).....37
2पहचान के दस्तावेज़ – आधार कार्ड 38
3पहचान के दस्तावेज़ – (जन्म एवं मृत्यु प्रमाण–पत्र).....39
4पहचान के दस्तावेज़–(अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति प्रमाण पत्र.....40
5पहचान के दस्तावेज़ – (बैंक खाता).....41
6पहचान के दस्तावेज़ – (व्यक्तिगत खाता नम्बर (पैन कार्ड).....42
ड– अतिरिक्त 43
1अतिरिक्त–(सामुदायिक समस्या के सुलझाने के दस क़दम).....43
2अतिरक्ति – सरकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की टेबल 45
3अतिरिक्त – अच्छा आवेदन लिखने पर टिप्पणी और एक नमूना.....46
4अतिरिक्त – भ्रष्टाचार का सामना कैसे कर सकते है?.....48
5अतिरिक्त – सूचना के अधिकार के प्रभावी प्रयोग पर टिप्पणी 49
6अतिरिक्त – मीडिया को इसतेमाल करना 51
7अतिरिक्त – (प्रयोग किए गए संक्षिप्त रूप).....52
आवेदन पत्र.....53
1आवेदन पत्र – रशन कार्ड आवेदन (कृपया पृष्ठ 7 देखें).....53
2आवेदन पत्र – नरेगा पृष्ठ 10 देखे.....54
3आवेदन पत्र – पंशन पृष्ठ 11देखे.....55
4आवेदन पत्र – विक्लांगिता प्रमाण पत्र आवेदन (कृपया पृष्ठ 19 देखें).....58
5आवेदन पत्र – रेलवे छुट आवेदन फार्म (कृपया पृष्ठ 19 देखें).....60
6आवेदन पत्र – मतदाता पहचान पत्र(कृपया पृष्ठ 37देंखें).....61
7आवेदन पत्र – आघार कार्ड(कृपया पृष्ठ 38देंखें).....65
8आवेदन पत्र – पैन कार्ड (कृपया पृष्ठ 42 देखें).....66

क. पीने का पानी

पीने का पानी हर व्यक्ति के जीवन और स्वास्थ्य का मूल अधिकार हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाएँ निश्चित रूप से हर भारतीय के लिये प्रदान की गयी हैं।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार

- **ग्रामीण विकास मंत्रालय** – पेय जल एंव सफाई विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

उत्तराखण्ड सरकार

- **उत्तराखण्ड जल संस्था:** (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

स्थानीय प्राधिकारी

- **गढ़वाल जल संस्था शहर के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है**
- कस्बाओं और शहरों में नगर पालिका से संबंधित ज़िले

2 अधिकार *(Best Source: Bharat Nirman booklet (p.11-13)* http://bharatnirman.gov.in/download.pdf *)*

केन्द्र सरकार

1- **भारत निर्माण** के अन्तर्गत ये लक्ष्य रखा गया है कि 2012 तक सबको सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराया जाएगा। (वेब साइट यहां देखें)

- **पानी की मात्रा:** प्रति व्यक्ति को उपलब्ध होना चाहिए
  पीने का 3 लीटर, भोजन बनाने का 5 लीटर, नहाने का 15 लीटर, धोने का 7 लीटर, अन्य 10 लीटर कुल 40 लीटर (See p11 of Bharat Nirman booklet here)
- **पर्याप्त कराने की विधि:** प्रत्येक 250 लोगों पर एक हैंड पम्प;
- 1.6किलोमीटर के दूरी अंदर (मैदानों मै) और 100मीटर की ऊंचाई (पहाड़ियों मे) (यहाँ भारत निर्माण के पृष्ठ 11 देखें)
- **गुणवत्ता:** वर्जित स्तर से बैक्टेरिया, केमिकल (आर्सेनिक, नाइट्रेट आदि) अधिक न हो और सुरक्षित हो।

2- **वाटसन (यूनिसेफ)** पीने का पानी, शौचालय। (वेब साइट यहां देखें)

3- **राष्ट्रीय जल एवं सफाई मिशन (वेब साइट यहां देखें)**

3 आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 30 प्रतिशत, समय सीमा 3 माह)

- यहाँ केन्द्र सरकार की वेब साइट परं कि क्या आपके गांव में पानी की उपलब्धता की सरकारी सूचना सही है (एक विशेष गांव को ढूंढें)।
- (सभी जिलों को देखने के लिए 'एच.पी. स्टेटस' तक स्क्राल करें, उपयुक्त क्षेत्र में अपने जिले को देखें)
- यहाँ केन्द्र सरकार के वेब साइट पर देखें कि क्या सरकार ने आपके प्रखण्ड के जल के स्रोतों की जांच की है या नहीं।
- ऊपर दिए गए मानक के अनुसार अगर गुणवत्ता और मात्रा सही नहीं है तो जांच या नए स्रोतों के लिए आवेदन केन्द्र सरकार: राजीव गांधी पेय जल मिशन, सम्पर्क सूचना यहाँ है;

4. दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

- जहाँ शिकायत की वहाँ फ़िर दोबारा शिकायत करें।
- RTI to Uttarakhand Zonal office to where you applied. For PIO addresses click here (in Hindi).
- राजीव गांधी पेय जल मिशन में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन दें। यहाँ

5. सफलता की कहानी

पारवा गांव हैन्डपम्प खराब हो गया था। गांव में ग्रामीण एवम स्वास्थ्य समिती द्वारा आवेदन लोक स्वास्थ्य और यंत्री विभाग को दिया गया। 3 दिन के बाद हैन्डपम्प चालू हालात में हो गया।

ख. खाद्य

1 खाद्य – (राशन कार्ड)

राशन कार्ड व्यवस्था या सार्वजनिक वितरण व्यवस्था नाम से जाना जाता जिसका उदेश्य है हर परिवार के लिए रियायती खाने का समान कम दामो में मिलना (बाज़ार से भी कम) । हालाकि हर जगह की तरह यहाँ भी भ्रष्टाचार की समस्या है इसीलिए सरकार राशन कार्ड की व्यवस्था को नकद भुकतान के रूप में देने का विचार कर रही है।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार – **खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग** (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

- Nutrition Resource Platform www.poshan.nic.in

उत्तराखण्ड सरकार – **खाद्ये एवं नागरिक आपूर्ति विभाग** (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

2 अधिकार *(Best Source: Supreme court order* **http://www.sccommissioners.org/FoodSchemes/TPDS.html***).*

क) स्थाई निवासी ए.पी.एल (गरीबी रेखा से ऊपर) राशन कार्ड
उत्तराखंड में स्थाई रूप से निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति को चाहे उसकी आय कुछ भी हो राशन कार्ड जारी हो सकता है।
ख) निर्धन निवासी बी.पी.एल (गरीबी रेखा से नीचे) राशन कार्ड (सर्वोच्च न्यायालय के आदेश यहाँ क्लिक करें)
ग) असहाय निवासी अंत्योदय अन्न योजना राशन कार्ड यह असहाय निवासी के लिए या बी.पी.एल पर हो या न हो (यहाँ क्लिक करें)
घ) राशन का दर एवं गुणवत्ता (खाद्या एवं सिविल आपूर्ति विभाग के अनुसार, वेब साइट हेतु यहाँ क्लिक करें)

	गेहूं	चावल	चीनी	मिटटी तेल
गरीबी रेखा से ऊपर (एपीएल) (सफेद)	35 किलो / रू 6.6	35 किलो / रू 8.45	0	22 लीटर/रू 13.5
गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) पीला	35 किलो / रू 4.65	35 किलो / रू 6.15	6 किलो / रू 13.25	22 लीटर/रू 13.5
अन्नत्योदय योजना (एएवाई) (डिस्टीच्युट)	35किलो / रू 2	35 किलो / रू 3	6 किलो / रू 13.25	22 लीटर/रू 9.16

3 आवेदन का तरीक़ा

i) यहाँ इस साइट पर अपने राशन कार्ड मान्य है की जाँच करें , यदि नही तो;
क) एपीएल आवेदन का तरीक़ा (प्रकिया यहाँ देंखें)।(सफलता की आशा 50 प्रतिशत। समय सीमा 1 महीना)
अपने सर्किल कार्यालय में फॉर्म (यहाँ से डाउनलोड करें या पृष्ठ 53 पर देखें) इनके साथ जमा करें– 25 रूपये, निवास के प्रमाण (बिजली आदि के बिल की फ़ोटी कॉपी), दो पड़ोसियों की गवाही, दो पासपोर्ट फोटो, एक एम एल ए के द्वारा सत्यापित; 15 दिनों के अन्दर कार्ड प्राप्त करें।

ख) बी पी एल आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 30 प्रतिशत। समय सीमा 2 महीने)
जांच लो कि आपके परिवार बी पी एल सूची पर है या नहीं यहाँ या यहाँ देख सकते हैं। अगर वह पंचायत द्वारा निकाली गई सूची में हो वो बी पी एल आवेदन दें सकते है। जाँच पड़ताल के बाद उन्हें कार्ड जारी किया जाता है। निम्नलिखित प्रकिया

- व्यक्ति पंचायत में आवेदन दें।
- पंचायत आवेदन ब्लोक ओफिस जनपद में देगें।
- जनपद सी ई ओ कार्ड जारी करेंगें।

ग) अन्नत्योदय अन्न योजना आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 10 प्रतिशात। समय सीमा 6 महीने)
ऊपर की प्रक्रिया की भांति, परन्तु एक फॉर्म पर असहाय होने की स्वः घोषणा। यह श्रेणी फिलहाल केवल विधवाओं के लिए ही उपलब्ध है जो पूर्ण रूप से असहाय हैं।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

क) जांच लें कि क्या आप गरीबी रेखा से नीचे की सूची में हैं (यहाँ या यहाँ मिल सकता है)। अगर आपको राशन कार्ड नहीं मिल पा रहा है और आप बी.पी.एल में नहीं है तो: जिस व्यक्ति को बी.पी.एल राशन कार्ड न दिया जाए, 30 दिन के अंदर अपील प्राधिकारी को निवेदन लिखें। 60 दिन के अंदर प्राधिकारी फ़ेसला ले लेगी। अस्थाई बी.पी.एल राशन काड दिया जाएगा जब तक फ़ेसला न लिया जाए (उच्चतम न्यायालय के आदेश यहाँ क्लिक करें) ।
ख) उत्तराखण्ड सरकार खादे्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को जनसूचना अधिकारी के पास आर.टी.आई दें (पता हेतु यहाँ); फिर
गा) रोजी–रोटी अधिकार अभियान से सम्पर्क करें (वेब साइट यहाँ है)

2 खाद्य – (आँगनवाड़ी)

भारत में कई बच्चों को खाने को नहीं मिलता। आँगनवाडी परियोजना के द्वारा 6 महीने – 6 साल के बच्चों (स्कूल जाने से पहले) को पौष्टिक खाना,टीकाकरण और विटामिन मौहिया कराया जाता हैं । कई राज्यों में यह योजना सफल रूप से कार्य कर रही हैं । जैसे ही बच्चे स्कूल में पहुँचते हैं वह मध्यान्तर भोजन योजना के सहभागी बन जाते हैं (मध्यान्तर भोजन पृष्ठ 9 देखें)

1 सम्बंधित विभाग

आँगनवाडी परियोजना समायोजित बाल विकास परियोजना का भाग है। समायोजित बाल विकास योजना राज्य और केन्द्र सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाता है। केन्द्र सरकार का महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय बजट और दिशा–निर्देश प्रदान करता है, जबकि राज्य सरकार इसका संचालन करता है।

केन्द्र सरकार –

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (वेबसाइट हेतु यहाँ क्लिक करें)।

उत्तराखण्ड सरकार –

- महिला एवं बाल विकास विभाग (वेबसाइट हेतु यहाँ क्लिक करें)।
- Integrated Child Development Scheme (here)

2 अधिकार *(Best Source: Supreme Court order* **http://www.sccommissioners.org/FoodSchemes/ICDS.html** *)*

6 सल की उम्र के तहत तक हर 40 बच्चों के लिए एक आंगनवाड़ी केंद्र होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश (#9) के लिए यहाँ पर क्लिक करें। इस पर उच्चतम न्यायालय के हुक्म को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें। आंगनवाडी परियोजना के अन्तर्गत बच्चे कर सकते हैं:

- आगनवाडी केन्द्र प्रत्येक दिन 10 बजे से 1 बजे तक जा सकते हैं।
- 500 कैलौरी पौष्टिक नाश्ता मिले जैसे दलिया, चना आदि।
- शिक्षा से सम्बंधित खिलौनों के साथ शिक्षा से सम्बंधित खेल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
- विटामीन (जैसे लौह) प्राप्त कर सकते हैं।
- पूरक पौष्टिकता कार्यक्रम का लाभ प्राप्त कर सकते हैं (पौष्टिक आहार जैसे दलिया, चना आदि);
- कुपोषित बच्चों के लिए घर ले जाने वाला पौष्टिक आहार; और
- वज़न/लम्बाई के निरन्तर लिए जाने वाले जांच में शामिल हो सकते हैं जिसका रिकार्ड एक कॉर्ड पर रखा जाता है।
- बच्चे जो दशा 3 के कुपोषित में पाए जाते हैं उन्हें *NRC* में 14 दिन के लिए रखा जाता है। जहाँ उन्हे पौष्टिक आहार और डाक्टरी सेवा दी जाती है । उस दौरान माता को भी 65रू व खाना एव आने जाने का भुगतान दिया जाता हैं ।
- गर्भवती और नर्सिंग माताों के लिए 600 कैलोरी नाश्ता।

3 आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 50 प्रतिशत। समय सीमा 2 माह)

क) देखें की आपके ज़िले में आंगनवाडी हैं या नहीं यहाँ देखें।
ख) अपनी बस्ती के 3 से 6 वर्ष के 40 बच्चों की सूची निम्नलिखित सूचनाओं के साथ बनाएं: नाम, पता, लिंग, जन्म तिथि और माता पिता की स्वीकृति। मांग पर आंगनवाडी से सम्बंधित कोर्ट आर्डर (बिंदू 8 देखें) देखने के लिए यहाँ क्लिक करें। सूची को दहरादून में महिला एवं बाल विकास विभाग के दफतर में जमा करें ;पता यहा

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

क) उत्तराखण्ड आई.सी.डी.एस प्रोग्राम के लिए जनसूचना अधिकारी के पास आर.टी.आई दें (पता हेतु यहाँ या यहाँ); या उसके बाद
ख) रोजी–रोटी अधिकार अभियान से सम्पर्क करें। (वेबसाइट यहाँ)

5 सफलता की कहानी

नुना गांव की पूनम सेन, पिता सीताराम सेन एक साल 11 माह की लड़की जो अतिकुपोषित है जिसका वज़न 8किलो 700ग्राम था। आशा के द्वारा 15 दिन के लिए *NRC*में भेजा गया। जहाँ उसका वज़न 9किलो 700ग्राम बढ़ा हैं। सरकार की तरफ से 15 दिन के लिए 65 रू प्रतिदिन मज़दूरी के हिसाब से 975रू दिया गया। बच्ची पहले से स्वस्थ है उनके माता पिता खुश हैं।

3 खाद्य – (स्कूली बच्चे–मध्यान्तर भोजन परियोजना (एम एम एस)

मध्यान्तर भोजन योजना का उदेश्य है की हर स्कूली बच्चे (कक्षा 8 तक) को एक समय का पौष्टिक खाना मिले। यह योजना भी भ्रष्टाचार से प्रभावित है। परन्तु कई राज्यों में यह योजना सफल रूप से कार्य कर रही है।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार – विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ और यहाँ क्लिक करें)।
उत्तराखण्ड सरकार – मिड डे मिल ऑथोरिटी (वेबसाइट के लिए यहा क्लिक करें)।

2 अधिकार *(Best Source: Supreme court order* **http://www.sccommissioners.org/FoodSchemes/MDMS.html** *)*

- समस्त सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 8 तक के प्रत्येक बच्चे को स्कूल के प्रत्येक दिन पौष्टिक आहार।
- मध्यान्तर भोजन योजना के बारे में रोजी–रोटी अधिकार अभियान के कार्य को देखने हेतु यहाँ क्लिक करें।
- 100 मिलियन बच्चे इसके अन्तर्गत आते हैं (संसार का सबसे बड़ा पोषक आहार कार्यक्रम)
- हर दिन, 2 मॉ बाप को भोजन देखने का अधिकार हैं

3 आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 90 प्रतिशत। समय सीमा 1 माह)

- समस्त सरकारी प्राथमिक विद्यालय (वर्ग 1 से 8 तक) में मध्यान्तर भोजन परियोजना होनी ही चाहिए।
- अगर उनके यहाँ नहीं है तो बच्चों के माता–पिता को सम्बंधित स्कूल को सीधे लिखना चाहिए।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

अगर भोजन की गुणवत्ता या मात्रा में कोई समस्या है तो:

1. विद्यालय में सीधे तौर से शिकायत करें, फिर
2- सीधे **मध्यान्तर भोजन प्राधिकरण** से शिकायत करें (सम्पर्क नम्बर यहाँ से प्राप्त करें।)
3- रोजी–रोटी अधिकार अभियान से सम्पर्क करें। (वेबसाइट यहाँ है)

5 सफलता की कहानी

यह कहानी गुड़पारा गांव की है। स्कूल में मध्यान भोजन के बारे में अध्यापक और बच्चों से पूछा तो पता चला की राशन कम मिलता है जिसके कारण बच्चों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता है। इस पर जौर्ज वेसली , समूह के अध्यक्ष राजेश राजन व सरपंच रतिराम प्रजापति के साथ बैठक करके इसका समाधान किया गया और समूह को निर्देश दिया गया कि पूरा राशन बच्चो के लिए बनवाया जाये इस प्रकार गुड़पारा गांव की समस्या का समाधान हो गया।

ग. आय

1 आय – (नरेगा)

महात्मा गांधी राष्ट्रिय ग्रामिण रोज़गार योजना अधिनियम 2005 शायद इस दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार योजना हैं। इस योजना से कई परिवार जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं या बेरोज़गार हैं उनको सरकार द्वारा कम से कम 100 दिन का रोज़गार दिया जाता है जैसे की सड़क बनना , सिचांई का काम कराना। यह योजना इस आशा के साथ प्रदान की जाती है ताकि ग्रामिण परिवार इस वेतन से और बेहतर सुविधाएँ देखकर अपने गावों में ही बसे रहें बजाय की शहर की ओर प्रस्थान करें।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार – ग्रामीण विकास मंत्रालय (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।
उत्तराखण्ड सरकार – ग्रामीण **विकास विभाग** (वेबसाइट के लिए यहाँ और यहाँ क्लिक करें)।

2 अधिकार

(Best Source: Supreme court order **http://sccommissioners.org/FoodSchemes/MGNREGA.html** *)*

अधिक जानकारी के लिए यहाँ यहाँ और यहाँ क्लिक करें ।

- प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष 100 दिन रोजगार (18 वर्ष से ऊपर का कोई भी व्यस्क)
- 15 दिनों के अन्दर कार्य मिल जाना चाहिए।
- कार्य उसी प्रखण्ड में मिलना चाहिए जहां आवेदक कार्य करता हो और अगर कार्य स्थान घर से 5 कीलोमीटर से अधिक है तो यात्रा भत्ता मिलेगा।
- पहले से तय की गई कम से कम मजदूरी देनी होगी लेकिन कम से कम 122 रूपए प्रति दिन। बैंक या डाक खाते में नकद केवल जहाँ बैंक या डाक घर नहीं हैं (यहाँ क्लिक करे)
- कार्य अवधि के 14 दिन के अन्दर मजदूरी मिल जानी चाहिए।
- 15 दिनों के अन्तर्गत अगर कार्य उपलब्ध नहीं कराया गया हो तो रोजगार भत्ता दिया जाना चाहिए। पहले 30 दिनों के लिए 33 प्रतिशत और उसके बाद के दिनों के लिए 50 प्रतिशत।
- कार्य स्थल पर साफ पानी, आपातकालीन स्वास्थ सेवा बच्चे की देख रेख की सुविधा और आराम के लिए शेड की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।
- रू 25,000 का हरज़ाना उनको दिया जाएगा जिनकी नरेगा के अंर्तगत काम करते हुए मृत्यु हो जाए या स्थाही विकलांगता का शिकार हो जाए।
- MNREG। के अंतर्गत श्रमिकों को रू
  - जनश्री बीमा योजना जो ग्रामीण लोगों के लिए बीमा और विकलांगता लाभ प्रदान करता है
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना उन सभी श्रमिकों ६ लाभार्थियों के लिए जिन्होने पिछले वित्तीय वर्ष में 15 दिनों से अधिक काम किया है

3 आवेदन का तरीक़ा

नरेगा–(सफलता की आशा 50 प्रतिशत। समय सीमा 6 माह)

- अपने स्थानीय पंचायत में रोजगार कार्ड के लिए आवेदन दें। आवेदन पत्र पृष्ठ 54 देख
- अगर रोज़गार कार्ड हो ता काम के लिए आवेदन आप स्थानीय पंचायत जा सकतें है या आवेदन औन लाइन भरें यहाँ।
- 15 दिनों के अन्दर कार्य प्राप्त करें।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

- **नरेगा शिकायत निपटारा केन्द्र** से सीधे सम्पर्क करें (यहाँ क्लिक करें।) फिर

5 सफलता की कहानी

रनगुवाँ गांव में रोज़गार कार्ड सचिव के पास रहता था जिसके कारण गांव के लोगों को रोज़गार का लाभ नहीं मिल पाता था और मज़दूरों के नाम की आमदनी सचिव और सरपंच अपने पास रख लेते थे । सरपंच ठाकुर होने के कारण लोग अपने अधिकार के बारे में बोल नहीं पाते थें। फिर जब दुबारा सरपंच का चुनाव हुआ तो सभी ने नामदेव नाम की महिला को सरपंच चुना। तब से सभी गांव के लोगों को रोज़गार का लाभ मिलने लगा है और वह सभी खुश है।

2 आय – (पेंशन और सामाजिक सुरक्षा)

पेंशन सरकार द्वारा नकद भुगतान है जो लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं। जिनके पास बिना किसी गलती के नियमित आमदनी नहीं होती।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार

- ग्रामीण विकास मंत्रालय (वेबसाइट के लिए http://rural.nic.in/ क्लिक करें)
- **राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यकम** (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

उत्तराखण्ड सरकार

- **समाज कल्याण विभाग** (वेबसाइट के लिए यहाँ और यहाँ क्लिक करें)

2 अधिकार *(Best Source: National Social Assistance Programme (NASP)* **http://nsap.nic.in/guidelines.html***)*

क. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना** *सभी 40 से 59 वर्ष की विधवाओं के लिए है। गरीबी रेखा से नीचे–रू0 200/प्रति माह, (रू. 200 केंद्र सरकार से और रू. 0 एम.प्र. सरकार से) (देखें केंद्र सरकार का साइट यहाँ न 12)

ग. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृध्दा अवस्था पेंशन** * 60.79 वर्ष से अधिक आयु के सभी गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए। (रू200/माह (500 अगर 80 से उपर) प्रत्येक माह के 7 तारीख तक भुगतान। देखें केंद्र सरकार का साइट यहाँ न 11 और सर्वोच्च न्यायालय की आज्ञा यहाँ देखें।)

घ. **राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना** * में रू. 10,000 दिए जाते हैं अगर परिवार में दुर्घटना हो या मृत्यु होने से रू 5000 का मुख्य कमाने वाले की मृत्यु हो जाती है। (रू. 10 हजार केंद्र सरकार से व रू. 0 म.प्र. सरकार से)। (देखे सर्वोच्च न्यायालय की आज्ञा यहाँ।)

ङ. **विकलांगता पेंशन: सभी गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए** रू. 300(केंद्र) प्रति माह अगर आय कम से कम 500/प्रति माह है) (देखे केंद्र सरकार का वेबसाइट यहाँ न 15, सर्वोच्च न्यायालय की आज्ञा यहाँ और म.प्र. समाज कल्याण का यहाँ देखें। और विकलांगता सेक्शन पृष्ठ 19 देखे)

वह पेंशन जिसे निशान का हर साल का सीमित पैसा उपलब्ध है तो हो सकता है कि सब शर्त पूरा करने के बावजूद पेंशन इसी साल में नहीं मिलेगा ।

3 आवेदन का तरीका

- नीचे दिए गए दस्तावेज पंचायत में जमा करें।
- पंचायत जांच करेगी, उसके बाद दस्तावेज समाज कल्याण विभाग में जमा करें।
- समाज कल्याण विभाग आवेदन को स्वीकार (संभावित) करेगा।
- पेंशन बैंक/डाक घर के खाते में जमा की जाएगी और फिर व्यक्ति को भुगतान की जाएगी।

क. विधवा पेंशन (सफलता की आशा 60 प्रतिशत। समय सीमा 3 माह)

- फार्म (यहाँ से डाउनलोड करें) । (या पृष्ठ 55 पर देखें)
- आवास का 5 वर्ष का प्रमाण। (मतदाता पहचान कार्ड; या पड़ोसी, एम.एल.ए, स्थानी दूकानदार की उनके कार्ड पर लगे फोटो पर गवाही;)
- बैंक खाता का नम्बर (9 संख्या वाला एम.आर.सी.आर नम्बर और 7 संख्या का आइ.एफ.सी.एस नम्बर);
- 1 फोटो;
- पति का मृत्यु–प्रमाण पत्र
- निम्नलिखित वर्णन वाला शपथ पत्रः नाम; पता; बी.पी.एल.; परिवार के सभी लोगों का विवरण; और किसी अन्य पेंशन का न प्राप्त करने, पति की मृत्यु के बाद पुनर्विवाह न होने और पुनर्विवाह की स्थिति में सरकार को सुचित करने की घोषणा।

ग. वृद्धावस्था पेंशन – (सफलता की आशा 60 प्रतिशत। समय सीमा 3 माह)

- फार्म (यहाँ से डाउनलोड करें) (या पृष्ठ 55 पर देखें)
- आवास का 5 वर्ष का प्रमाण। (मतदाता पहचान कार्ड; राशन कार्ड या 2 पड़ोसी की गवाही)
- बैंक खाता का नम्बर (9 संख्या वाला एम.आ.सी.आर नम्बर और 7 संख्या का आइ.एफ.सी.एस नम्बर);
- 1 फोटा;
- निम्नलिखित वर्णन वाला शपथ पत्रः नाम; पता; बी.पी.एल और कोई अन्य पेंशन न प्राप्त किए जाने की स्वःघोषणा।

घ. आय अर्जित करने वाले की मृत्यु – (सफलता की आशा 60 प्रतिशत। समय सीमा 3 माह)

- फार्म (यहाँ से डाउनलोड करें)
- मृत्यु के समय जीवित व्यस्क 18–64 वर्ष
- आवास का 5 वर्ष का प्रमाण। (मतदाता पहचान कार्ड; राशन कार्ड या फाटो पर 2 पड़ोसी, एम.एल.ए., स्थानीय दुकानदार की गवाही)
- बैंक खाता का नम्बर (9 संख्या वाला एम.आ.सी.आर नम्बर और 7 संख्या का आई.एफ.सी.एस नम्बर);
- 1 फ़ोटो;
- आय अर्जित करने वाले का मृत्यु प्रमाण पत्र
- निम्नलिखित वर्णन वाला शपथ पत्रः नाम; पता; बी.पी.एल और कोई अन्य पेंशन न प्राप्त किए जाने की स्वःघोषणा।

ङ. विकलांगता पेशन (सफलता की आशा 30 प्रतिशत। समय सीमा 5 माह)

- फार्म (यहाँ से डाउनलोड करें) । (या पृष्ठ 55 पर देखें)
- आवास का 5 वर्ष का प्रमाण। (मतदाता पहचान कार्ड; राशन कार्ड या 2 पड़ोसी की गवाही)
- बैंक खाता का नम्बर (9 संख्या वाला एम.आ.सी.आर नम्बर और 7 संख्या का आइ.एफ.सी.एस नम्बर);
- 1 फ़ोटो
- विकलांगता प्रमाण पत्र >40% प्रतिशत एवं
- शपथ–पत्रः नाम, पता, कोई अन्य पेंशन न प्राप्त करने का।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

- पंचायत में जांच करें; फिर
- समाज कल्याण विभाग को आर.टी.आइ (सम्पर्क देखने हेतु वेबसाइट देखें (हिन्दी में) यहाँ क्लिक करे)।

5 सफलता की कहानी

गौरारी गांव के हंसी कुशवाहा जिनकी उम्र 70 वर्ष की है । उन्होंने पेशन पाने के लिए सरपंच व पटवारी से मिले परन्तु उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। इसकी जिम्मेदारी टेली स्वास्थ्य कार्यकार्ता ज़हर सिंह यादव ने ली और नौगांव ब्लोक में जाकर फार्म भरवाया और उसे पटवारी पुरन लाल पोदर व सरपंच चंदा बाई अहिरवार से आगे बढ़वा कर सचिव सुनिल कुमार को दिया । उन्होंने इस फार्म को नौगांव ब्लोक में जाकर जमा करवाया और अब हंसी कुशवाहा को वृधा अवस्था पेंशन 150रू मिल रही है।

3 आय – (बच्ची के लिए 1 लाख)

हर साल हज़ारों लड़कियों को गर्भ से ही गिरा दिया जाता हैं। धनलक्ष्मी योजना के अंर्तगत सरकार द्वारा लड़कियों की शिक्षा के लिए भुगतान प्रदान किया जाता हैं।ताकि भारतीय परिवार लड़कियों के जीवन व शिक्षा की महत्वता को समझें।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार – महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (वेबसाइट हेतु *http://wcd.nic.in/* क्लिक करें)।

उत्तराखण्ड सरकार – महिला एवं बाल विकास विभाग (वेबसाइट हेतु यहाँ क्लिक करें)। उसमें समेकित बाल विकास परियोजना (*ICDS*) पर क्लिक करें।

2 अधिकार *(Best Source:Women & Child Devel (**http://wcd.nic.in/publication/ar2009-10/english/WCD/chapter%204.pdf**)*

Nanda Devi Kanya (here)

Matrtiva Indira Gandhi Yojna (here)

- Rs4,000 for first and second child

Gaura Devi Kanya Dhan Yojana (here)

- 25,000 for BPL (or income certificate) girls passing inter

3 आवेदन का तरीका

- महिला एवं बाल विकास के स्थानीय कार्यालय को प्राप्त करें ।
- यह भरें और महिला एवं बाल विकास के स्थानीय कार्यालय को वापस दर्ज।
- बालिका 1 आयु होने से पहले लगू करें।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

- पंचायत में जांच करें; फिर
- महिला एवं बाल विकास विभाग को आर. टी. आई दें (यहाँ क्लिक करें)।

5 सफलता की कहानी

वर्गीस मैथ्यू प्रेरण परियोजना के स्टाफ थे उनकी लड़की मिशन अस्पताल में पैदा हुई थी । लेकिन लाडली लक्ष्मी योजना का फायदा उन्हें नही मिल पा रहा था क्योकि उनके पास यहाँ का मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं था। बाद में आंगनवाड़ी के परियोजना अधिकारी से बात करने पर आदेश अनुसार लाडली लक्ष्मी योजना का फायदा उन्हें मिल सका क्योकि उन्होने उसके साथ और भी दस्तावेज़ संगलगन किये थे।

4 आय – रोज़गार के लिए प्रशिण

जन शिक्षा संस्थान के पास ऐसे प्रशिक्षण केन्द्र हैं जो सामान्य रूप से व्यवसायिक कौशल और तकनीकी ज्ञान वो भी बहुत कम दाम में देते हैं। इस प्रशिक्षण लेने के लिए पहले से शिक्षित होने की भी योग्यता अहम नहीं होती। यह संस्थान उन लोगों के लिए बनाई गयी है जो बस्ती या ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार:

- जन शिक्षा संस्थान (http://www.nlm.nic.in/jss.htm) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण,स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग,मानव संसाधन विकास मंत्रालय।
- राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण सूचना सेवा (http://dget.nic.in/schemes) और
- कौशल विकास पहल योजना, (http://dget.nic.in/mes) मांडयूलर रोजगार कौशल पर आधारितए श्रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालयए क्षम और रोजगार मंत्रालय।

2 अधिकार *(Best Source: Jan Sikshan Sansthan* **http://www.nlm.nic.in/jss.htm** *)*

a) जन शिक्षा संस्थान

- जन शिक्षा संस्थान में 371प्रकार के पाठ्यक्रम प्रदान किये जाते हैं, जैसे मोमबत्ती बनना, सिलाई से कमप्यूटर कोंस।
- जन शिक्षा संस्थान उन लोगों के लिए जो सामाजिक रूप से पिछरे है जैसे अनुसूचित जनजाति, अनपढ़, मज़दूर और उनके परिवार वगैरा ।
- जन शिक्षा संस्थान 371 अलग अलग कोंसं कराता है ।
- उत्तराखण्ड में 06 जन शिक्षा संस्थान केंद्र है। जगहों के लिए यहाँ क्लिक करें देखें)

b) राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण सूचना सेवा

- शिल्पकार प्रशिक्षण: सरकार के आई.टी. आई संस्थानों में मामूली शुल्क पर प्रशिक्षण कर सकता है। 127 ट्रेडों । अवधि :6-12 महीनें। शिक्षा: कक्षा 8वीं और उपर। http://dget.nic.in/schemes/cts/TradeList.htm
- महिलाओं के पाठयक्रमों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे कि पोशाक बनाना, कंप्यूटर संचालन , बालों की देखभाल। न्यूनतम उम्र 14। अवधि 1 सप्ताह से 1 वष्र्ष तक।
  - केन्द्र सरकार के माध्यम से (11 संस्थान सहित नोएडा, इलाहाबाद) http://dget.nic.in/schemes/oldwot/Centralsector.htm
  - उत्तराखण्ड सरकार के माध्यम से (आई.टी. आई के माध्यम से) http://dget.nic.in/schemes/oldwot/StateSector.htm.

c) मांडयूलर रोजगार कौशल

मांडयूलर रोजगार कौशल पर आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण पाठयक्रम, यह लाभकारी रोजगार के लिए न्यूनतम कोशल हैं। न्यूनतम उम्र 14 वर्ष हैं। योग्यता 5 वीं कक्षा हैं। 1406 कौशल हैं।

http://dget.nic.in/mes/Downloads/SDIManual1Oct.pdf
http://dget.nic.in/mes/annex4.pdf (skills list July 2012)

3 आवेदन का तरीक़ा (सफलता की आशा 50 प्रतिशत। समय सीमा 6 माह)

a) जन शिक्षा संस्थान

- दाखिला कराने का समय अप्रैल और अक्टूबर महीने में होता है । सारे कोर्से 6 महीने के होते हैं ।
- सेंटर जाके भी दाखिला हो सकता है (सेंटर के पता के लिए यहाँ क्लिक करें)
- दाखिले के लिए कुछ दस्तावेज़ की ज़रूरत होती है । राशन कार्ड , 2 पहचान पत्र, 4/5 पासपार्ट साइज़ फोटो ।
- फीस मात्र : 100 रूपए ।

b) राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण सूचना सेवा

- स्रकार मुदों एडमिशन नोटिस। शुल्क रु 50- 150। उदाहरण: http://dget.nic.in/admission/NVTI-Short-Term-Adm.pdf
- **राज्य की सूची और जानकारी** http://dget.nic.in/lisdapp/General/List/LstState.asp?ListType=10

c) मांडयूलर रोजगार कौशल

- राज्य सरकार के मुछदों प्रशिक्षण और जानकारी के बारे में अखबारों में प्रवेश के लिए नोटिस ।
- प्रशिक्षण शुल्क रेंज (रु 500-200) और सफलतापूर्वक पूरा होने पर वापस करेंगे और वंचित समूहों के लिए 25% छूट ।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता न मिले)

- सीधे संस्थान के मुख्या अधिकारी से मिले । ।
- सम्बंधित JSS को आर.टी.आइ डालिए (संपर्क के लिए यहाँ क्लिक करे) ।

5 आय – ड्राइविंग लाइसेंस

ड्राइविंग लाइसेंस मुहर का वैधीकरण में परिवहन विभाग द्वारा जारी किए गए, प्रत्येक धारक करने को एक वाहन अभियान के एक विशेष श्रेणी दी गई।

1 सम्बंधित विभाग

- **उत्तराखण्ड सरकार: राज्य परिवहन विभाग** (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।

2 अधिकार

(Best Source: **http://www.advocatekhoj.com/library/legalforms/howdoi/index.php?Pno=drivinglicence.php**

ड्राइविंग लाइसेंस के प्रकार जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करे।

- लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस
- स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस
- अन्य ड्राइविंग लाइसेंस जेसै नवीकरण , डुप्लीकेट आदि।
- कोई भी व्यक्ति की उम्र 18 साल, जो वाहनों चला सकते हैं, वो लाइसेंस के लिए पात्र हैं।
- 16 साल के उम्र से दो पहिया वाहन के लिए लाइसेंस प्राप्त कर सकतें हैं / वाहन 50cc तक और गियर के बिना (आवेदक के आवेदक माता पिता या अभिभावक अपनी सहमति देते हैं)
- कमर्शियल वाहन लाइसेंस के लिए 20 साल होना जरूरी हैं ।

3 आवेदन का तरीका

- उम्र पात्रता- 18 वर्ष पर दो अपवादो के साथ:
  - ✓ 16 वर्ष के लिए दो पहिया वाहन/वाहन 50cc तक और बिना गियर के।
  - ✓ 20 वर्ष-वाणिज्यिक वाहन
- ऑनलाइन पंजीकरण के लिए और प्रपत्र के लिए यहाँ क्लिक करे।
- या अपने निकटतम स्थानीय क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पर जाएँ।
- पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ और प्रासंगिक दस्तावेजों जिनमें उम्र और पते पुष्टि में दी गइ हो।इनको भरे हुए आवेदन फोर्म के साथ संलग्न करें।जानकारी के लिए यहाँक्लिक करे।
- लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन फॉर्म 2 में आवेदक के साथ लाइसेंसिंग प्राधिकरण में जमा कारे, फॉर्म 1 में मेडिकल प्रमाणपत्र के साथ, आयु प्रमाण, पते का सबूत, निर्दिष्ट फिस और 3 पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ ।
- रेगूलर और पर्मानेन्त ड्राइविंग लाइसेंस को प्राप्त करने के लिए - देहरादून, हरिद्वार, बद्रीनाथ के लाइसेंसिग औथोरिती में - आवेदन फॉर्म 4, लर्निंग लाइसेंस , ड्राइविंग प्रमाणपत्र जो द्रेनिंग स्कूल द्वारा अनुमोदित हो यह परिवहन वाहन लाइसेंस के लिए अनिवार्य है, निर्दिष्ट फिस और 3 पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ ।
- ड्राइविंग लाइसेंस के नवीकरण के लिए लाइसेंस धारक आपना पर्मानेन्त ड्राइविंग लाइसेंस के साथ आवेदन जमा करना होगा, फॉर्म 1 ˙A में चिकित्सा प्रमाणपत्र, आवेदन फॉर्म 4, निर्दिष्ट फिस और 3 पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ ।
- अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें और फॉर्म डाउलोड करने के लिए यहा क्लिक करें ।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

असफल अनुप्रयोगों और अन्य शिकायतों के लिए

- स्थानीय अधिकारियों सें संपर्क करें (अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें)
- परिवहन विभाग के लोग सूचना अधिकारी को आर.टी.आई करें (अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें)

5 सफलता की कहानी

घ. स्वास्थ्य

1 स्वास्थ्य – (सरकारी अस्पताल)

*सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज, दवाईयाँ और डाक्टरी सलाह उपलब्ध होनी चाहिए। दुर्भाग्यवश,सामाजिक अस्पताल व्यवस्था को कम सहायता मिलने के कारण अस्पतालों, डाक्टरों और दवाईयों की कमी है। जिसके वजह से अस्पताल में बहुत भीड़ होती है। तभी मध्य वर्ग के लोग निजी अस्पताल में जातें हैं। हाल में, सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे रहनेवाले परिवारों के लिए **RSBY** योजना के अंतर्गत चिकित्सा देखभाल की योजना बनाई गई है।*

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्र सरकार:

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजनाः गरीबों हेतु स्वास्थ्य बीमा (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के लिए यहाँ क्लिक।

उत्तराखण्ड सरकार:

- चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।
- हरियाणा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजनाः गरीबों हेतु स्वास्थ्य बीमा (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें,)।
- यू स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ट: यह राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलेस योजना प्रदान करते हैं (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक)।

2 अधिकार *(Best Source: World Health Organisation,* **http://www.jsk.gov.in/district_health.asp***)*

क) सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर सभी उत्तराखण्ड निवासियों के लिय एक उच्च गुणवत्ता की सस्ती उपचार:

- **जिला अस्पताल** (प्रति जिला–1, आबादी 20 लाख, बहुउद्देश्य डाक्टर एवं जांच) जिला अस्पताल की सूची हेतु यहाँ क्लिक करें; **सरकारी** अस्पताल हेतु यहाँ क्लिक करें।
- **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र** (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रति सब–जिला–1;आबादी 1 लाख, 4 डाक्टरों का स्टॉफ)
- **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र** (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रति प्रखण्ड–1; आबादी 30000, 1 डाक्टर का स्टॉफ)
- **सब–सेंटर केंद्र (1 प्रति 5000, 1 *ANM* का स्टॉफ)**

उत्तराखण्ड में सभी पी.एच.सी / सब–सेंटर केंद्र के लिए यहाँ क्लिक करें।

मेरा नजदीकी जिला अस्पताल .....है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र.....है पृष्ठ 3 के टेबल पर इसे डालें।

म.प्र. के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मानचित्र हेतु यहाँ क्लिक करें और प्राथमिक/सब–सेंटर के मानचित्र और दूरी जानने हेतु यहाँ क्लिक करें।

ख) स्मार्ट कार्ड रखने वाले लोगों का इलाज रू. 30,000 तक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत) केंद्र सरकार का वेबसाइट देखें यहाँ)

3 आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 80 प्रतिशत। समय सीमा 2 से 5 दिन)

क) स्थाई निवासी के लिएः किसी भी सरकारी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाएं और लाईन में प्रतीक्षा करें।

मेरा नजदीकी जिला अस्पताल .....है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र.....है पृष्ठ 3 के टेबल पर इसे डालें।

ख) स्मार्ट कार्ड (राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना) रखने वालेः समस्त प्रकिया के लिए यहाँ क्लिक करें।

- तैयारशुदा गरीबी रेखा से नीचे के लोगों की सूची बीमाकर्ता को दी जाती है।बीमाकर्ता सूची को भेजता है और दाखिले की तिथि की सूचना देता है।
- उन तारीखों को गरीबी रेखा से नीचे के परिवार फोटो और अंगुलियों के निशान देने के लिए आते हैं और कार्ड (परिवार के पांच सदस्यों के लिए) 15 मिनट के अन्दर जारी कर दिया जाता है। लागत रू.30/–है। प्रति वर्ष 30,000 तक इलाज करा सकते हैं।
- कार्ड रखने वालों को अस्पतालों की एक सूची दी जाती है जहां वे जा सकते हैं। अस्पतालों की सूची के लिए यहाँ क्लिक करें।
- जब मरीज, कार्ड रखने वाला सूची में दिए गए अस्पताल में जाता है तो वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के सहायता–डेस्क पर जाता है जहां उसे कार्ड की जांच की जाती है। अगर उसे दाखिल करने की आवश्यकता है, तो रू.30,000में से तयशुदा शुल्क काट ली जाती है और रू.100 यात्रा शुल्क के तौर पर अदा किया जाता है।
- प्रक्रियां जो अन्तर्गत आता हैं और नहीं आता हैं, उस के लिए यहाँ देखें।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

क) अस्पताल के **मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट** के पास लिखित शिकायत करें। फिर
ख) जिला, जिसमें वह अस्पताल है, उसके मुख्य जिला मेडिकल अफसर
ग) अपनें राज्य में राश्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के निदेशक (यहाँ सूची देखें) को शिकायत है; तो
घ) उत्तराखण्ड चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को आर. टी. आई दें फिर (पी.आई.औ के लिय यहाँ क्लिक करें)
ङ) उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें) को आर. टी. आई दें फिर
च) यहाँ स्मार्ट कार्ड राज्य नोडल अधिकारी के लिए यहाँ क्लिक करें)

2 स्वास्थ्य – (टीकाकरण)



बच्चे

आज भी भारत में शिशु मृत्युदर ज्यादा पाया जाता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कारण है टीकाकरण राशि की कमी होना। जिसकी वजह से हर साल लाखों उन बिमारियों से मरते हैं जिनको असानी से रोका जा सकता है। निम्नखित योजनाओं का उदेशय है जिसे टीकाकरण राशि बढ़ सके।

1 सम्बंधित विभाग

केंन्द्र सरकार

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन दस्तावेज (पृ.6) यहाँ क्लिक करें।

उत्तराखण्ड सरकार:

- चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।

2 अधिकार *(Best Source: Jansankhya Sthirata Kosh* **http://www.jsk.gov.in/district_health.asp** *)*

सार्वभौमिक टीकाकरण देने के लिए उत्तराखण्ड की सरकार का उद्देश्य निम्नलिखित है (केंद्र सरकार का कार्यक्रम यहाँ)

आयु	टीकाकरण
जन्म के 48 घंटे के बीच	ओ.पी.वी (पोलियो)ए हेपिटाइटस बी
0–1 माह	बी.सी.जी (टी.बी)
1.5 माह	डी.पी.टी. प्रथम, ओ.पी.वी (द्वितीय)ए हेपिटाइटस बी
2.5 माह	डी.पी.टी. द्वितीय, ओ.पी.वी (तीसरा)ए हेपिटाइटस बी
3.5 माह	डी.पी.टी. तीसरा, ओ.पी.वी (चौथा)ए हेपिटाइटस बी
6–9 माह	ओ.पी.वी (पोलियो पांचवां)
9 माह	खसरा, विटामीन ए
15–18 माह	एम.एम.आर., डी.पी.टी.
16–24 माह	डी.पी.टी.(पहला बूस्टर) ओ.पी.वीपोलियो (पहला बूस्टर)
2–5 साल	टाइफाइड
5 साल	डी.पी.टी. (बूस्टर), ओ.पी.वी पोलियो (दूसरा बूस्टर)

3 आवेदन का तरीक़ा (सफलता की आशा 80 प्रतिशत। समय सीमा 7 दिन)

क) टीकाकरण की प्रक्रिया :

- आशा गांव के लोगों को प्रोत्साहित करती है बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए।
- हर गांव में *ANM* बच्चों को टीका हर महीनो टीकाकरण दिवस पर लगाती है।

ख)अगर आशा व्यवस्था चालू न हो तो अपने बच्चे को लेकर जाएं:

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद के उप केंद्र सूची के लिए यहाँ क्लिक करें
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूची के लिए यहाँ क्लिक करें

नोटः (म.प्र. में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मानचित्र हेतु *http://www.jsk.gov.in/mp/mp.pdf* **क्लिक करें और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से गांवों की दूरी/मानचित्र हेतु** यहाँ **क्लिक करें)**

मेरा निकटतम सामु0 स्वास्थ्य केंद्र है.....और प्रा0 स्वास्थ्य केंद्र है.....एवं उप केंद्र है.....पृ. 3 के टेबल पर लिखें।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

क) मेडिकल अफसर/उप केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के इनचार्ज को लिखित शिकायत दें; या
ख) उक्त जिले के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी से जिसमें वह सुविधा है, शिकायत करें (सूची यहाँ देखें)

3 स्वास्थ्य – (गर्भधारण–जे.एस.वाई/आशा)



भारत में आज भी मातृ मृत्युदर ज्यादा है। निम्नलिखित सरकारी योजनाएँ और आशा इसलिए प्रदान की गई हैं ताकि महिलाएँ अपनी गर्भावस्था में नियमित रूप से जाँच कराएँ और प्रसव के समय अस्पताल जाने के लिए उत्सुक रहें।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्रीय सरकार:

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (वेबसाइट के लिये यहाँ क्लिक करें)।

उत्तराखण्ड सरकार:

- चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)।

2 अधिकार *(Best source: Janani Suraksa Yojana* **http://jknrhm.com/PDF/JSR.pdf***)*

क) उत्तराखण्ड में प्रत्येक महिला के लिए प्रसव के दौरान सेवा करना निःशुल्क है :–

- टीकाकरण और ऑयरन और फोलिक एसिड की गोली का वितरण
- सुरक्षित प्रसव अस्पताल में
- प्रसव के बाद जच्चा–बच्चा की देख–रेख

यह कार्य की ज़िम्मेदारी आशा के कार्यकर्ता को दी गई है। आशा के कार्य के बारे में देखने के लिए यहँ क्लिक करें और पृष्ठ 6 देखें।

क) जननी-शिशु सूरक्षा कार्यक्रम: उत्तराखण्ड में हर गर्भवती महिला के लिय जननी.शिशु सूरक्षा कार्यक्रम के तहत निःशुल्क लाभार्थी निम्मलिखित शामिल हैं ;यहाँ उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति की वेबसाइट के अनुसार हैं द्धरू

- निःशुल्क और कैशलेस डिलीवरीए निःशुल्क सिजेरियन डिलीवरीए 30 दिन तक नवजात का निःशुल्क उपचारए प्रयोक्ता शुल्क से छूटए निःशुल्क दवाएं और उपभोज्यए निःशुल्क निदानए स्वास्थ्य संस्थानों में प्रवास के दौरान निःशुल्क आहार दृ नार्मल डिलीवरी के मामले में 3 दिन और सिजेरियन डिलीवरी के मामले में 7 दिनए रक्त का निःशुल्क प्रावधानए घर से स्वास्थ्य संस्थानों के लिए निःशुल्क परिवहनए रेफरल के मामले में सुविधाओं के बीच निःशुल्क परिवहन और 48 घंटे प्रवास के बाद संस्थानों से घर वापस द्रोप।
- 30 दिनों के जन्म के बाद तक बीमार नवजात शिशुओं के लिए निःशुल्क लाभार्थीए निःशुल्क उपचारए निःशुल्क दवाएं और उपभोज्यए निःशुल्क निदानए रक्त का निःशुल्क प्रावधानए प्रयोक्ता शुल्क से छूटए घर से स्वास्थ्य संस्थानों के लिए निःशुल्क परिवहनए रेफरल के मामले में सुविधाओं के बीच निःशुल्क परिवहन और 48 घंटे प्रवास के बाद संस्थानों से घर वापस द्रोप।

ख) जननी सुरक्षा योजना (जे.एस.वाई) के अन्तर्गत (वेबसाइट के लिए यहाँ क्लिक करें)

अस्पताल में प्रसूति होने पर माता को रू 1400 (रू1,000 अगर शहर में है) का और आशा के कार्यकर्ता को रू600 (रू200 अगर शहर में है) भुगतान दिया जाएगा। LPS प्रदेशों उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, छततीसगढ़, बिहार, हरिाणा, उत्तरखाण्ड, राजस्थान, ओड़ीसा यहाँ, आसाम, कशमीर में यह सब महिलाओ के लिए या गरीबी रेखा से नीचे हो या नहीं ।

जे.एस.वाई और आशा **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** के अन्तर्गत आते हैं। (वेबसाइट के लिए यहाँ और यहाँ क्लिक करें)।

ग) राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना के अन्तर्गत (राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना के बारे में जानने के लिए यहाँ क्लिक करें ।

- गरीबी रेखा से नीचे की समस्त गर्भवती महिला को रू. 500/ का भुगतान 19 साल से ऊपर और दो जीवित जन्मों के लिए।
- *प्रसूति चाहे किसी भी स्थान* पर हुई हो
- *प्रसूति* के 8 से 12 सप्ताह पहले भुगतान

3 आवेदन का तरीका (सफलता की आशा 80 प्रतिशत। समय सीमा 14 दिन)

क) गर्भावस्था के दौरान आशा द्वारा देखभाल

अगर आशा कार्य नहीं करती तो, अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवेदन दें। सूची के लिए यहाँ क्लिक करें

नोटः(म.प्र. में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के मानचित्र हेतु *http://www.jsk.gov.in/mp/mp.pdf* क्लिक करें और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से गांवों की दूरी/मानचित्र हेतु यहाँ क्लिक करें) मेरा निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है.....पृ.3 के टेबल पर देखें।

ख) जननी सुरक्षा योजना के अंर्तगत अस्पताल में प्रसव के लिए भुगतान देना

- सधारण रूप से आशा के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाएं।
- छुट्टी होने के समय भुगतान ले लें।

4 दबाव (अगर आवेदन के बाद सफलता नहीं मिलती)

क)**जननी सुरक्षा योजना** अगर भुगतान में कोई परेशानी आती है तोः

चिकित्सा अधिकारी/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्त केंद्र के इंचार्ज को लिखित शिकायत दें; फिर

जिस जिले में प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आता है उसके मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत करें (सूची यहाँ देखें);फिर

4 स्वास्थ्य – (विकलांगता सेवाएं)

विकलांग लोगों को अभी भी हमारे देश में दुसरी श्रेणी के नागरिक माना जाता है।
निम्नलिखित योजनाएँ विकलांगता के बोझ को कम करने के लिए बनाई गयी है।
ई.एच.ए अब विलांग लोगों के लिए योजनाओं पर एक मैनुअल का उत्पादन किया गया । 'एडवोकेसी मैनुअलस ' देखने के लिए ई.एच.ए वेबसाइट www.eha-health.org में क्लिक करें ।

1 सम्बंधित विभाग

केन्द्रीय सरकार:

- सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय (वेबसाइट के लिये यहाँ क्लिक करें)।

उत्तराखण्ड सरकार:

- सामाजिक न्याय विभाग (वेबसाइट हेतु क्लिक करें)।

2 अधिकार *(Best Source: Social Justice & Empowerment* **http://socialjustice.nic.in/schemespro3.php***.)*

क. विकलांगता प्रमाण पत्र

- 40 प्रतिशत से अधि अपंगता, सरकारी डाक्टर के प्रमाणित से।
- अन्य सेवाएं पाने के लिए यह प्रमाण–पत्र आवश्यक है।

ख. विकलांगता पेंशन (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना)

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना की अधिक जानकारी हेतु यहाँ न 13 या यहाँ क्लिक करे:

- 18–59 वर्ष आयु
- गरीबी रेखा से नीचे या जिनकी आय रू 1,000 से कम है।
- विकराल या बहुप्रकारीय विकलांगता (विकलांगता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है अगर 40% से ज्यादा विकलांगता हो)
